
● **अनुरेखन करो :**

K7PJ8H

## ४. रोबोट



❑ रोबोट में वर्ण अवयव एवं वर्ण दिए गए हैं । उनका अनुरेखन करवाएँ । इसी प्रकार सभी वर्णों का लेखन करने के लिए प्रेरित करें ।

### जुड़ें हम

❑ **अध्यापन संकेत : पृष्ठ २३ और २४** पर दी गई संपूर्ण पाठ्‍यसामग्री का उद्‌देश्य संयुक्ताक्षरों की पहचान करवाकर वाचन और लेखन कराना है । वर्णों को संयुक्त बनाने के लिए रूप के आधार पर इन्हें तीन भागों तथा 'र' को तीन प्रकारों ( र्, ्र, ‸ ) में बाँटा गया है । इन्हें अलग-अलग दिया गया है । शिरोरेखा के नीचे र पूरा होता है ।

(१) सर्वप्रथम पाठ में आए चित्र के शब्द सुनाकर दोहरवाएँ । मोटे अक्षर के संयुक्ताक्षर को श्यामपट्ट पर लिखकर समझाएँ । सभी संयुक्ताक्षर की पहचान होने तक अभ्यास करवाएँ ।

(२) पाठ्‍यांश पढ़वाकर संयुक्ताक्षर को रेखांकित करने के लिए कहें । तत्पश्चात विद्यार्थियों से संपूर्ण पाठ्‍यांश का अनुलेखन करने के लिए कहें । देखें कि विद्यार्थी विरामचिह्नों सहित शुद्ध लेखन करते हैं । विरामचिह्नों - पूर्णविराम, प्रश्नचिह्न, अल्पविराम, विस्मयादिबोधक और अर्धविराम को समझाकर इनके उचित प्रयोग पर बल दें ।

(३) चित्र दिखाकर और दिए गए शब्दों का प्रयोग कराके एक-एक वाक्य लिखवाएँ ।

(४) संयुक्ताक्षर का अभ्यास होने के पश्चात इन पाठ्‍यांशों का श्रुतलेखन करवाएँ । विरामचिह्नों सहित शुद्ध लेखन पर ध्यान दें ।